दिनांक 04.01.2019

स्वच्छ भारत अभियान | स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

7 स्टार की रेस में शामिल, भिलाई शहर हुआ ओडीएफ प्लस प्लस घोषित

भिलाईनगर/ भारत सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ओडीएफ प्लस प्लस में भिलाई को 5 लाख की जनसंख्या वाले शहरों में छत्तीसगढ़ में प्रथम एवं देश में द्वितीय ओडीएफ प्लस प्लस होने की घोषणा की पुष्टि की है। इसके पूर्व स्वच्छता एप डाउनलोड करवाने में भी भिलाई निगम, छ0ग0 में प्रथम रैंक पर अभी भी स्थिर है। दोनों अंक के आधार पर निगम भिलाई 7 स्टार के रेस में शामिल हो गया है, जिसकी पुष्टि टीम के आने के बाद की जाने की प्रबल संभावना है।

अक्टुबर 2014 से भारत सरकार द्वारा प्रारम्भ स्वच्छ भारत मिशन के तहत् निगम भिलाई, भारत सरकार द्वारा आयोजित स्वच्छता प्रतियोगिता में प्रतिभागी रहकर पुरे देश में अपना अहम स्थान बनाता रहा है। आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2019 के लिए भारत सरकार ने देश के 5 हजार शहरों के निकायों में स्वच्छता प्रतियोगिता विभिन्न क्षेत्र में आयोजित की है। जिसमें सर्वाधिक 5 हजार अंक प्राप्त करने वाले शहर को प्रथम स्थान प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। निगम भिलाई प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए अलग–अलग टीम गठित कर सभी अंक अर्जित करने के लिए तैयारी प्रारम्भ किया और सरकार द्वारा निर्धारित 62570 एप डाउनलोड के लक्ष्य के विरुद्ध निगम भिलाई में 82486 एप डाउनलोड कर एक हजार अंक प्राप्त करके एप डाउनलोड करने में प्रथम स्थान कर बरकरार है। इसी प्रकार 27 दिसम्बर को भारत सरकार की सर्वेक्षण दल के सदस्य निगम भिलाई क्षेत्र में ओडीएफ प्लस प्लस की परीक्षण करने पहुंचे थे उन्होने निगम क्षेत्र में बनाये 133 शौचालयों में 20 सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालयों के अलावा खुले में शौच, तालाब किनारे, रेलवे पटरी के किनारे, रोड, गली, नाली, सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, आदि का निरीक्षण किया। निगम ने निरीक्षण के पूर्व शौचालयों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्ड के आधार पर शौचालयों में महिलाओं की विशेष समस्या को देखते हुए वेंडिंग मशीन जिससे उन्हे 5 रुपये में सेनेटरी नेपकिन प्राप्त हो जाता है तथा एन्सीनटर के माध्यम से उपयोग करने के पश्चात उसका निपटान कर राख के रुप में तब्दील हो जाता है, ठण्ड के दिनों में नहाने के लिए गरम पानी की व्यवस्था, नहाते हुए मनोरंजन के लिए स्वच्छ भारत से संबंधित म्यूजिक सिस्टम, फ्रेशनर, एग्जास्ट फेन, सजावटी फुल पौधे/गमला, तौलिया, साबुन, मग्गा, बाल्टी, विकलांगों के लिए रैंप, क्लीनर, दर्पण, आदि सुविधा सहित सम्पूर्ण तैयारी किया गया था जांच दल ने मौका मुआयना कर 13 शौचालय को अनुकरणीय एवं 07 को उत्कृष्ट श्रेणी में रखकर ओडीएफ प्लस प्लस के लिए प्रदेश में निगम भिलाई को प्रथम एवं देश में द्वितीय ओडीएफ प्लस प्लस घोषित किया है।

भिलाई शहर को ओडीएफ प्लस प्लस घोषित होने में नगर निगम भिलाई एवं बीएसपी प्रबंधन के टीम का संयुक्त रूप से कार्य करने का नतीजा प्राप्त हुआ है।

महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव, सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव, आयुक्त एस0के0 सुंदरानी तथा बी.एस.पी. प्रबंधन के सी.ई.ओ. ए.के. रथ ने नगरवासियों को बधाई देते हुए कहा है कि कोई भी कार्य जनता की भागीदारी के बगैर संभव नहीं हैं। स्वच्छ भारत मिशन में भिलाई निगम प्रतिभागी है जिसमें 7 स्टार की रेस में शामिल हुआ है। शहर को 7 स्टार दिलाने के लिए आम नागरिकों की भागीदारी भी आवश्यक है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 में पुरे देश में भिलाई को नं. 01 बनाने के लिए भी शहरवासियों से अपील की है।

जनसम्पर्क अधिकारी